NCERT SOLUTIONS

CLASS - 8TH

aglasem.com

Class : 8th

Subject : वसंत

Chapter : 15

Chapter Name : सूरदास के पद

Q1 बालक श्रीकृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

Answer. श्री कृष्ण अपनी चोटी को बड़ी करना चाहते थे बिल्कुल वैसी जैसी बलराम भैया की थी| माता यशोदा ने उनसे कहा था की दूध पीने से उनकी चोटी लम्बी और मोटी हो जाएगी| अपनी चोटी को लम्बा करने के लोभ में वे दूध पीने को तैयार हो गए|

Page : 96, Block Name : पदों से

Q2 श्रीकृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या-क्या सोच रहे थे?

Answer. श्री कृष्ण अपनी चोटी के बारे में सोचते हैं कि दूध पीने से मेरी चोटी बलराम भैया की तरह लम्बी और मोटी हो जाएगी तो नागिन की तरह लहरायेगी|

Page : 96, Block Name : पदों से

Q3 दूध की तुलना में श्रीकृष्ण कौन-से खाद्य पदार्थ को अधिक पसंद करते हैं?

Answer. दूध की तुलना में श्रीकृष्ण माखन अधिक पसंद करते हैं|

Page : 96, Block Name : पदों से

Q4 'तैं ही पूत अनोखौ जायौ' - पंक्तियों में ग्वालन के मन के कौन-से भाव मुखरित हो रहे हैं?

Answer. प्रस्तुत पंक्तियों में ग्वालन के मन का क्रोध और ईर्ष्या का भाव प्रकट हो रहा हैं|

Page : 96, Block Name : पदों से

Q5 मक्खन चुराते और खाते समय श्रीकृष्ण थोड़ा-सा मक्खन बिखरा क्यों देते हैं?

Answer. ग्वालिनें अपने माखन की मटकी को ऊंचाई पर टाँग कर रखती थी| श्री कृष्ण और उनके मित्रो की उम्र कम थी इसलिए वो आसानी से माखन तक नहीं पहुंच पाते थे | माखन निकालने के प्रयास में थोड़ा माखन जमीन पर बिखर जाता था|

Page : 96, Block Name : पदों से

Q6 दोनों पदों में से आपको कौन-सा पद अधिक अच्छा लगा और क्यों?

Answer. प्रथम पद में श्री कृष्ण और माता यशोदा के वार्तालाप का वर्णन हैं| इसमें उनके बालपन, उनकी हठ का बहुत ही सुन्दर वर्णन हैं|

aglasem.com

Page : 96, Block Name : पदों से

Q1 दूसरे पद को पढ़कर बताइये कि आपके अनुसार उस समय श्री कृष्ण की उम्र क्या रही होगी?

Answer. श्री कृष्ण की उम्र उस समय ५ से ८ वर्ष की रही होगी|

Page : 96, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q2 ऐसा हुआ हो कभी कि माँ के मना करने पर भी घर में उपलब्ध किसी स्वादिष्ट वस्तु को आपने चुपके-चुपके थोड़ा-बहुत खा लिया हो और चोरी पकड़े जाने पर कोई बहाना भी बनाया हो | अपनी आपबीती की तुलना श्रीकृष्ण की बाललीला से कीजिए |

Answer. छात्र अपने अनुभव लिखे |

Page : 96, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q3 किसी ऐसी घटना के विषय में लिखिए जब किसी ने आपकी शिकायत की हो और फिर आपके किसी अभिभावक (माता-पिता, बड़ा भाई-बहिन इत्यादि) ने आपसे उत्तर माँगा हो |

Answer - छात्र अपने अनुभव लिखे |

Page : 96, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q1 श्रीकृष्ण गोपियों का माखन चुरा-चुराकर खाते थे इसलिए उन्हें माखन चुरानेवाला भी कहा गया है। इसके लिए एक शब्द दीजिए।

Answer. माखनचोर

Page : 96, Block Name : भाषा की बात

Q2 श्रीकृष्ण के लिए पाँच पर्यायवाची शब्द लिखिए।

Answer. गोपाल, द्वारकाधीश, नन्दलाल, गिरधारी, श्याम|

Page : 96, Block Name : भाषा की बात

Q3 कुछ शब्द परस्पर मिलते-जुलते अर्थवाले होते हैं, उन्हें पर्यायवाची कहते हैं। और कुछ विपरीत अर्थवाले भी। समानार्थी शब्द पर्यायवाची कहे जाते हैं और विपरीतार्थक शब्द विलोम, जैसे-

पर्यायवाची- चंद्रमा-शशि, इंदु, राका

मधुकर-भ्रमर, भौंरा, मधुप

सूर्य-रवि, भानु, दिनकर

विपरीतार्थक- दिन-रात

श्वेत-श्याम

aglasem.com

शीत-उष्ण

पाठों से दोनों प्रकार के शब्दों को खोजकर लिखिए।

Answer.

पर्यायवाची- बेनी - चोटी

गुहत - गूँथना

जोटी - जोड़ी

विपरीतार्थक- लम्बी - छोटी

Page : 97, Block Name : भाषा की बात

aglasem.com